कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़

स्वास्थ्य भवन, द्वितीय तल, नार्थ–ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग. 492002

क्रमांक/8115 /छात्र/काउंसिलिंग/संचिशि/2025 रायपुर, दिनांक 12/09/2025

प्रवेश वर्ष 2025 - NEET UG (MBBS & BDS) पाठयकम के द्वितीय चरण काउंसिलिंग हेतु ऑनलाईन आवेदन एवं पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए द्वितीय चरण काउंसिलिंग हेतु संस्था चयन सूचना

प्रवेश वर्ष **2025 – NEET UG** (एम.बी.बी.एस./बी.डी.एस.) पाठ्यक्रम के प्रथम चरण आवंटन में प्रवेश उपरांत रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय/निजी चिकित्सा महाविद्यालयों एवं दंत चिकित्सा महाविद्यालयों में द्वितीय चरण की काउंसलिंग के लिए सभी पात्र अभ्यर्थियों से नवीन पंजीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन तथा पूर्व पंजीकृत पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन संस्था चयन आमंत्रित किए जाते हैं।

सभी आवेदक ऑन–लाईन आवेदन एवं संस्था चयन करने के पूर्व **क्रमांकः RULE-503/30/2025/ MED.** छत्तीसगढ़ चिकित्सा, दंत चिकित्सा एवं भौतिक चिकित्सा (फिजियोथेरेपी) स्नातक प्रवेश नियम, 2025 (विशेषकर आरक्षण/काउंसिलिंग प्रक्रिया/बॉण्ड इत्यादि) का पूर्णतः अध्ययन कर ही ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ करें, जो की वेबसाइट *www.cgdme.in* एवं *https://cgdme.admissions.nic.in/* में उपलब्ध है।

द्वितीय चरण की काउंसिलिंग हेतु ऑनलाईन आवेदन एवं संस्था चयन प्रकिया हेतु समय–सारिणी

क्र.	प्रक्रिया का विवरण	विवरण
1	ऑनलाईन आवेदन करने हेतु प्रारंभ एवं अंतिम तिथि	दिनांक 13 सितम्बर 2025, समय **Server Time 11:00 Hrs** (11:00 AM) से दिनांक 17 सितम्बर 2025, समय **Server Time 23:59 Hrs** (11:59 PM) तक
2	च्वाइस फिलिंग एवं लॉकिंग हेतु प्रारंभ एवं अंतिम तिथि (Choice Filling and Locking)	दिनांक 13 सितम्बर 2025, समय **Server Time 11:00 Hrs** (11:00 AM) से दिनांक 18 सितम्बर 2025, समय **Server Time 23:59 Hrs** (11:59 PM) तक

नोटः– 1. प्रथम चरण आवंटन से प्रवेशित अभ्यर्थियों को अपग्रेड हेतु पोर्टल पर लॉगिन कर अपनी सहमति देना अनिवार्य होगा तत्पश्चात् संस्था चयन करने पर ही उन्हें द्वितीय चरण कि काउंसिलिंग में सम्मिलित किया जा सकेगा।